## Hazaribagh: स्वास्थ्य से खिलवाड़! नकली पनीर का गोरखधंधा बेनकाब, 200 रुपये में मौत का सौदा!




**Hazaribagh:** जिले में नकली पनीर का गोरख धंधा खूब चल रहा है। जब से जिला प्रशासन में 4000 किलो नकली पनीर जब्त किया है। लोगों के होश उड़ गए हैं कि वह जो पनीर का सेवन कर रहे थे वह असली है या नकली ऐसे में बाजार भी प्रभावित हुआ है। वहीं दूसरी ओर अब जिला प्रशासन व्यापक रूप से नकली पनीर के खिलाफ अभियान चलाने जा रही है। जिसमें हर एक दुकान से लेकर बड़े-बड़े रेस्टोरेंट में आवश्यक निरीक्षण किया जाएगा। हजारीबाग उपायुक्त शशि कुमार सिंह ने स्पष्ट कर दिया है कि स्वास्थ्य के साथ अगर जिले में किसी भी तरह का खिलवाड़ होगा तो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

हजारीबाग के समाज सेवी मनोज गुप्ता का भी कहना है कि नकली पनीर का खेल हजारीबाग में कोई नया नहीं है। झंडा चौक से लेकर डेली मार्केट बड़ा बाजार सुरेश कॉलोनी, यह सभी नकली पनीर का मंडी है। जहां खुलेआम नकली पनीर बिकता है। जिला प्रशासन ने जब कार्रवाई की है, तब लोगों में जागरूकता तो जरूर हुआ है। लेकिन स्वास्थ्य के साथ जिस तरह से हजारीबाग में खिलवाड़ किया जा रहा है। इसके लिए जिला प्रशासन से लेकर आम जनता दोषी है, क्योंकि आम जनता बेहद कम मूल्य में पनीर खरीदना पसंद करते हैं।

**Hazaribagh:** डाॅ. निखिल आनन्द का भी कहना है कि नकली पनीर खाने से लीवर के साथ-साथ पेट में भी प्रॉब्लम हो सकता है। अगर लगातार नकली पनीर का सेवन किया जाए तो यह जानलेवा भी हो सकता है। क्योंकि इसमें केमिकल के साथ-साथ वैसे सामान का उपयोग किया जाता है जो स्वास्थ्य के लिए बेहद घातक है।

Source: https://22scope.com/hazaribagh-health-playing-fake-paneers-gurkhandha-banabak-dead-to-death-for-200-rupees/